EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council for Handicrafts

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in

CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

THE EPICENTRE OF SOURCING
HOME | INTERIORS | FURNITURE | FURNISHINGS | FASHION | GIFTS | HOSPITALITY
registration : springfairdelhi.com/register
IHGF delhi fair spring
16–19 APRIL 2025

### प्रेस विज्ञप्ति – कर्टेन रेजर

### 59वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला- स्प्रिंग 2025

### आईएचजीएफ स्प्रिंग 2025 भारतीय भव्यता को दुनिया के सामने करेगा पेश, एक रोमांचक सोर्सिंग सीजन की उम्मीद

### 16 – 19 अप्रैल 2025; इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा

भारत के लाइफस्टाइल फैशन, हस्तशिल्प और गिफ्ट उत्पादों का दुनिया का सबसे प्रमुख और सबसे सक्रिय सोर्सिंग प्लेटफॉर्म अपने 59वें संस्करण के साथ लौट रहा है, इसमें 100+ देशों के 3000+ प्रदर्शक और पहले से रजिस्टर्ड खरीदार शामिल होंगे।

**दिल्ली/एनसीआर – 15 अप्रैल 2025** - हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित आईएचजीएफ दिल्ली मेला–स्प्रिंग 2025 का आगामी 59वां संस्करण, 16 से 19 अप्रैल 2025 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर ऐंड मार्ट में आयोजित किया जा रहा है।

यह संस्करण एक सु-व्यवस्थित लेआउट का दावा करता है जिसमें बड़े हॉलों को 16 प्रमुख प्रदर्शनी क्षेत्रों के लिए समर्पित किया गया है; इनमें होम डेकोर ऐंड एक्सेंट समेत होम फर्निशिंग, कारपेट्स एवं रग्स; टेक्सटाइल एवं लिनन; गिफ्ट एवं प्रीमियम्स; इंटीरियर्स; फर्नीचर; फैशन ज्वेलरी; बैग एवं एक्सेसरीज; लैंप एवं लाइटिंग एक्सेसरीज; आउटडोर एवं गार्डेन; अरोमा, स्पा एवं लाइफस्टाइल; क्रिसमस एवं फेस्टिव डेकोर; किचन एवं डिनरवेयर; बाथरूम एक्सेसरीज; बेंत, बांस, कागज एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद; बच्चों एवं शिशुओं के खिलौने एवं एक्सेसरीज शामिल हैं।

इस अवसर पर ईपीसीएच के अध्यक्ष श्री दिलीप बैद ने कहा, "दुनिया भर से खरीदारों की काफी बड़ी संख्या के साथ, हमारे प्रदर्शक इस स्प्रिंग संस्करण को भारतीय हस्तशिल्प क्षेत्र का एक अत्यधिक महत्वपूर्ण मंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यहां पेश किए गए उत्पाद सस्टेनेबल हैं, उनमें हाथ से अतिरिक्त कारीगरी जोड़ी गई है और उनकी कलात्मकता पर विशेष ध्यान दिया गया है। होम, लाइफस्टाइल, फैशन, फर्नीशिंग, फर्नीचर और इंटीरियर डिवीजनों को एक साथ लाकर, यह मेला नए उत्पादों की खोज करने, नई जानकारी हासिल करने और उपयोगी साझेदारी के लिए एकजुट होने के लिए एक वास्तविक वातावरण प्रदान करता है। यह संस्करण कई रोमांचक नई पहलों का साक्षी बनेगा, जिसमें क्षेत्रीय डेकोरेटिव-यूटिलिटी लाइन एवं फर्निशिंग, नए उत्पादों की एक नई सिरीज और स्टार्ट-अप का समावेश शामिल हैं। इसके अलावा, धातु पर उकेरी गई आकृति, लाह की चूड़ी का निर्माण, मधुबनी पेंटिंग और पश्मीना शॉल समेत छह शिल्पों के लाइव क्राफ्ट प्रदर्शन भी यहां किए जा रहे हैं। निफ्ट/एनआईडी/आईआईटी के डिजाइनर/पूर्व छात्र परिपत्र और पुनर्नवीनीकृत सामग्री पर विशेष ध्यान देते हुए अपने अभिनव उत्पाद डिजाइन प्रदर्शित भी करेंगे।"

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य सलाहकार और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा, "भारत की बेमिसाल विविधता और शिल्प कौशल का लाभ उठाते हुए, यह मेला एक स्थापित, प्रगतिशील और एक निश्चित वैश्विक सोर्सिंग हब के रूप में है। हमारा उद्देश्य है कि यह मेला सभी प्रकार के खरीदारों के लिए सोर्सिंग गंतव्य बने- चाहे वो बड़े थोक विक्रेता, आयातक, विशिष्ट खरीदार और स्पेशलिटी रिटेलर्स हों।"

वर्तमान वैश्विक व्यापार परिदृश्य पर डॉ. कुमार ने कहा, "मेले के इस संस्करण पर अमेरिका के लगाए टैरिफ का कोई खास असर होने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि हम अमेरिकी खरीदारों की ओर से मजबूत भागीदारी देख रहे हैं और बड़ी संख्या में उन्होंने पहले ही रजिस्ट्रेशन करा लिया है। अमेरिकी टैरिफ केवल भारत तक सीमित नहीं हैं - वो वैश्विक स्तर पर लगाए गए हैं। चीन, वियतनाम और कंबोडिया जैसे प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत पर अपेक्षाकृत कम टैरिफ लागू होते हैं। इसके अलावा, अमेरिका ने उच्च टैरिफ दरों पर 90-दिनों की रोक लगाई है जो भारत के लिए सही समय परबाइलेटरल ट्रेड एग्रीमेंट (बीटीए) में शामिल होने का अवसर प्रदान करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत सरकार इस अवसर का लाभ उठाएगी और व्यापार-अनुकूल समझौते का रास्ता निकलेगा, जिससे अमेरिकी बाजार में हमारी स्थिति और मजबूत होगी।"

मेले में परंपरा और नवाचार के संगम पर बल देते हुए ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री नीरज खन्ना ने साझा किया, "खरीदार इस मेले में कृतियों का खजाना पाएंगे, यहां उन्हें परंपरा की गहराई और प्रेरणादायक आधुनिक डिजाइन का मिलन देखने को मिलेगा। प्राकृतिक रेशे, लकड़ी, स्टील और स्टोन जैसी पारंपरिक चीजों का मेल जब समकालीन डिजाइन से होता है तो वो आकर्षक डेकोर और उपयोगी उत्पाद बन जाते हैं, और अपनी सुंदरता एवं कार्यक्षमता—दोनों में बेमिसाल होते हैं। यहां खरीदार नवीनतम ट्रेंड्स की छानबीन कर सकते हैं, जिनमें सस्टेनेबिलिटी महज एक विचार नहीं, बल्कि हर डिजाइन की आत्मा है और यह ग्रामीण आकर्षण, शिल्प की बारीकी, और रचनात्मक डिजाइन के साथ एक स्थायी सुंदर संतुलन बनाती है। मेले के हर क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी को केवल प्राथमिकता ही नहीं दी गई है, बल्कि इसे एक रणनीतिक ताकत के रूप में अपनाया गया है। होम डेकोर एवं गिफ्टिंग में उत्पादक लगातार रचनात्मकता की नई ऊंचाई को छू रहे हैं- वो साधनों और तकनीकों में सुधार कर रहे हैं ताकि पर्यावरण के प्रति सचेत रहते हुए नई संभावनाओं को खोल सकें।"

ईपीसीएच के उपाध्यक्ष II श्री सागर मेहता ने कहा, "मौजूदा खरीदारों की जरूरतों को पूरा करने और नए खरीदारों को आकर्षित करने के लिए, इस प्रदर्शनी में छोटे और मध्यम निर्यातकों, कारीगर उद्यमियों और डिजाइनरों से लेकर भारत के अग्रणी निर्माता निर्यातकों तक सभी तरह के लोग शामिल हुए हैं। दुनिया भर के खरीदार अपनी सोर्सिंग आवश्यकताओं के लिए आईएचजीएफ-दिल्ली मेले में आना पसंद करते हैं क्योंकि यह मेला उन्हें देश के सभी क्षेत्रों और वर्गों के निर्माताओं से सीधे जुड़ने का अनूठा अवसर प्रदान करता है और जो उन्हें यहां बेहतरीन उत्पाद रेंज, आकर्षक कीमत, कई किस्में, भिन्न क्वालिटी और नई उत्पाद लाइनें प्रदान करता है।"

मेले के प्रति उत्साह को बढ़ाते हुए आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग 2025 के स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री निर्मल भंडारी ने कहा, "रचनात्मकता और शिल्पकारी के लिए भारत के प्रमुख मंच के रूप में प्रसिद्ध आईएचजीएफ दिल्ली मेला प्रेरणा और अवसरों से भरा एक ऊर्जावान केंद्र (वाइब्रेंट हब) है, जिसे सहायक आयोजन और समृद्ध बनाते हैं। व्यापक प्रदर्शनी के साथ-साथ, इस मेले में कारीगरों द्वारा लाइव शिल्प प्रदर्शन, नॉलेज सेशन और डिस्प्ले अवार्ड भी शामिल हैं। ईपीसीएच वर्ल्ड एक समर्पित पवेलियन है, जो हस्तशिल्प क्षेत्र की सेवा के लिए प्रतिबद्ध ईपीसीएच की 40 वर्षों की यात्रा को दर्शाता है, जो वर्षों से ईपीसीएच की पहल को उजागर करता है । फैशन शो में हस्तशिल्प परिधानों, फैशन आभूषणों और एक्सेसरीज के उत्कृष्ट संग्रह प्रदर्शित किए जाएंगे। यह चार दिवसीय भव्य आयोजन उद्योग से जुड़े पेशेवरों और शिल्प प्रेमियों के लिए एक समृद्ध अनुभव का वादा करता है।"

उन्होंने बताया, "कुल मिलाकर, हस्तशिल्प क्लस्टर्स, उत्पादन केंद्रों और कारीगर गांवों की मजबूत भागीदारी के साथ पूरे भारत से इस मेले में 3000 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। हॉल में प्रदर्शक बूथों के अलावा, आगंतुकों को इंडिया एक्सपो सेंटर के विभिन्न मंजिलों पर स्थित देश के प्रमुख निर्यातकों द्वारा संचालित 900 मार्ट/स्थायी शोरूम तक भी पहुंच प्राप्त होगी।"

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर.के. वर्मा ने कहा कि इस मेले के व्यापक प्रचार के लिए परिषद ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिनिधित्व की, अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के डिजिटल प्रकाशन, ऑनलाइन पोर्टल, वेब बैनर आदि के माध्यम से डिजिटल विज्ञापन के जरिए दुनिया भर में इसका व्यापक प्रचार और प्रसार अभियान चलाया। इसके अलावा, भारतीय दूतावासों ने अपने संबंधित देशों में खरीदारों और आयातकों को निमंत्रण दिया है। मेले को डिजिटल पब्लिकेशन और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से कवर किया गया है। शो में आने वाले आगंतुकों में थोक व्यापारी, वितरक, चेन स्टोर, डिपार्टमेंटल स्टोर, खुदरा विक्रेता, मेल-ऑर्डर कंपनियां, ब्रांड के मालिक, खरीद घराने और डिजाइनर और ट्रेंड का पूर्वानुमान लगाने वालों के अलावा खरीद प्रतिनिधि और घरेलू वॉल्यूम खरीदार समेत दुनिया भर के विदेशी खरीदार शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, ब्राजील, कनाडा, चिली, कोलंबिया, डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, इजरायल, इटली, जापान, कोरिया, मैक्सिको, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पनामा, पेरू, फिलीपींस, पुर्तगाल, रूसी संघ, सऊदी अरब, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और कई अन्य समेत 100 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों के मेले में आने की उम्मीद है।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने सूचित किया कि जिन कंपनियों/डिपोर्टमेंटल स्टोर्स के प्रतिनिधियों ने पहले ही इस शो में आने की पुष्टि कर दी है उनमें गार्सिया रेगुएरा एसआरएल, अर्जेंटीना; एल एंड एम होम, ऑसबॉन्ड रग्स, ऑस्ट्रेलिया; इंटरस्पर जीएमबीएच, ऑस्ट्रिया; रिबेरो ई पावानी, ब्राजील; बर्डीज नेस्ट, कनाडा; जेफिना, डेनमार्क; ला मैसन, एसोटेरिक्स इम्पोर्ट, फ्रांस; कोकोसीबर्लिन, जर्मनी; पॉश लिविंग कंपनी लिमिटेड, जापान; पीएस फैशन, मेक्सिको; ईएल कॉर्टे इंगल्स, साइनेस ग्रिमाल्ट, एस.ए., स्पेन; एंगलुंड-ग्रुपेन फ्लोरिंग एबी, स्वीडन; कार्पेट्स इंटरनैशनल थाइलैंड पीएलसी, थाइलैंड; बेला मैसन, तुर्की; लाइफस्टाइल होम कलेक्शन बीवी, नीदरलैंड्स; होम बॉक्स, लैंडमार्क ग्रुप, होम सेंटर, यूएई; सेकंड नेचर ऑनलाइन, कलिनरी कॉन्सेप्ट्स, यूनाइटेड किंगडम; एप्रोपोस इंटरनैशनल इंक, कर्मा हाइवे, ड्यूक इम्पोर्ट्स इंक, स्टाइलक्राफ्ट होम, आरएच रेस्टोरेशन हार्डवेयर, ट्वॉज कंपनी वीसीएनवाई होम, यूएसए और कई अन्य शामिल हैं।

श्री वर्मा ने यह भी बताया कि इसके अलावा, इस शो ने, अपने पिछले कुछ संस्करणों से, जानेमाने घरेलू खरीदारों से बड़ी मात्रा में रिटेल खरीदारी का भी स्वागत किया है। भारत में नई खरीदारी की गतिशीलता और अंतरराष्ट्रीय डिजाइनों एवं प्रीमियम उत्पादों की तलाश से प्रेरित तेजी से बदलते खुदरा परिदृश्य को सुविधाजनक बनाने हुए, आईएचजीएफ दिल्ली मेला लगातार प्रमुख खरीद/सोर्सिंग सलाहकार के साथ ही प्रमुख भारतीय खुदरा/ऑनलाइन ब्रांडों और घरेलू वॉल्यूम खरीदारों की मेजबानी करता है, जिनमें अमेजन.कॉम, अरविंद समूह, चुंबक डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड, फैबइंडिया लिमिटेड, प्योर होम एंड लिविंग प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस रिटेल, ताज होटल्स, द ओबेरॉय होटल्स ऐंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड, द पर्पल टर्टल्स, वेस्टसाइड इत्यादि शामिल हैं; जिन्होंने 59वें संस्करण में आने की पुष्टि की है। उन्होंने यह भी बताया कि एक्सएक्सएक्सलुट्ज केजी, ऑस्ट्रिया; केजी होमस्टॉक, ब्राजील डैन्यूब होम, संयुक्त अरब अमीरात; क्यूलिनरी कॉन्सेप्ट्स; डुनेलम, यूनाइटेड किंगडम; कलालौ इंक, द टीजेएक्स कंपनीज, यूएसए तथा कई अन्य प्रमुख स्टोरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सोर्सिंग कंसल्टेंट्स ने भी शो में आने की पुष्टि की है।

हस्तशिल्प के लिए निर्यात संवर्धन परिषद देश से हस्तशिल्प के निर्यात को बढ़ावा देने और देश के विभिन्न शिल्प समूहों में घर, जीवन शैली, वस्त्र, फर्नीचर और फैशन आभूषण और सहायक उपकरण उत्पादों के उत्पादन में लगे लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड छवि बनाने के लिए एक नोडल संस्थान है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान हस्तशिल्प का अनुमानित अस्थायी (प्रोविजनल) निर्यात 33,490.79 करोड़ रुपये (3959.86 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का रहा।

---

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
**श्री. आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच**
+91-9810697868

EPCH
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
Export Promotion Council for Handicrafts
हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद्
EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

EPCH HOUSE Pocket 6 & 7 Sector 'C', LSC, Vasant Kunj, New Delhi-110070
Tel: +91-11-26135256 Fax: +91-11-26135518 & 19 Email: mails@epch.com I www.epch.in
CIN U20299DL1955NPLO23253
GST NO: 07AAACE1747M1ZJ

THE EPICENTRE OF SOURCING
HOME | INTERIORS | FURNITURE | FURNISHINGS | FASHION | GIFTS | HOSPITALITY
registration : springfairdelhi.com/register
IHGF delhi fair spring
16–19 APRIL 2025

**PRESS RELEASE – CURTAIN RAISER**

**59th IHGF Delhi Fair – SPRING 2025**

# An Exciting Sourcing Season Awaits as IHGF Spring 2025 Showcases India to the world

**16th– 19th April 2025; India Expo Centre, Greater Noida**

## World's leading and most dynamic sourcing platform for lifestyle fashion, handicrafts and gifts from India returns for its 59th edition with 3000+ exhibitors and pre-registered buyers from 100+ nations

**Delhi/NCR – 15th April 2025 -** The upcoming 59th edition of IHGF Delhi Fair – Spring 2025, organized by the Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), is scheduled from 16th to 19th April 2025 at the India Expo Centre & Mart, Greater Noida.

This edition boasts of a meticulously organized layout featuring gigantic halls, dedicated to the 16 prominent display segments, including Home Decor and Accents; Home Furnishing, Carpets & Rugs; Textiles & Linen; Gifts & Premiums; Interiors; Furniture; Fashion Jewellery; Bags & Accessories; Lamps & Lighting Accessories; Outdoor and Garden; Aroma, Spa & Lifestyle; Christmas and Festive Décor; Kitchen and Dinnerware; Bathroom Accessories; Cane, Bamboo, Paper & Eco-Friendly Products; Kids & Babies Toys & Accessories.

Mr. Dileep Baid, Chairman, EPCH shared, "With a significant influx of buyers from around the world, our exhibitors are committed to make this Spring edition a pivotal platform for the Indian handicraft sector. Focus is on sustainability, handcrafted value additions and artistry. Bringing together the home, lifestyle, fashion, furnishing, furniture and interior divisions, the fair offers an immersive space to discover new products, gain fresh insights and unite for valuable partnerships. This season marks many exciting new endeavours including regional deco-utility lines and furnishing, a line-up of innovative new products and introductions by start-ups. Besides, Live Craft Demonstrations of six crafts including metal engraving, lac bangle making, Madhubani painting and Pashmina shawls are being set up. Designers/Alumni from NIFT /NID /IIT will be displaying their innovative product designs including sustainable designs with special focus on circular and recycled material".

Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor, EPCH and Chairman, IEML, stated, "leveraging India's unparalleled diversity and craftsmanship, this fair stands as a proven, progressive, and indispensable global sourcing hub. Our aspiration is to be the preferred sourcing destination for everyone, from large wholesalers and importers to niche buyers and specialty retailers attending the fair." Speaking on the current global trade landscape, Dr. Kumar added, "we do not expect a significant impact of the US tariffs at this edition of the fair, as we continue to see strong participation from American buyers, with a healthy number already registered. The tariffs introduced by the United States are not exclusive to India—they apply globally. In comparison to competitor countries like China, Vietnam and Cambodia, India faces relatively lower tariffs. Furthermore, the 90-day tariff pause announced by the US provides a timely opportunity for India to engage in a Bilateral Trade Agreement (BTA). I am confident that the Government of India will seize this opportunity, paving the way for a trade-friendly agreement that will further strengthen our position in the American market."

Highlighting the blend of tradition and innovation in the fair, Dr. Neeraj Khanna, Vice Chairman, EPCH shared that "Buyers will discover a treasure trove of creations—where timeless traditions meet inspired modern design. Traditional materials such as natural fibres, wood, steel, and stone seamlessly blend with contemporary elements, resulting in striking décor-utility products and functional innovations. Buyers can explore the latest trends, where sustainability remains a focal point, harmonizing with enduring themes of rustic charm, artisanal craftsmanship, and innovative design. Across all segments, sustainability is not just a priority but a strategic advantage. In home décor and gifting, manufacturers continue to push creative boundaries, refining materials and processes to unlock new eco-conscious possibilities."

Mr. Sagar Mehta, Vice Chairman II, EPCH further added "In order to cater to existing buyers and draw new ones, the participation has been all inclusive with exhibitors ranging from small & medium exporters, artisan entrepreneurs and designers, to India are leading manufacturer exporters. Buyers from across the globe prefer to visit IHGF-Delhi Fair for their sourcing requirements because it is an exclusive connect to manufacturers from all regions and segments, offering an exquisite product range, attractive prices, different varieties, distinct quality and new product lines."

Adding to the fair vibrancy, Mr. Nirmal Bhandari, President, Reception Committee, IHGF Delhi Fair-Spring 2025, added, "Renowned as India's premier platform for creativity and craftsmanship, IHGF Delhi Fair is a vibrant hub of inspiration and opportunity, enriched by supporting events. Alongside a wide-ranging showcase, the fair features thematic display from Artisanal Fare, Live Craft Demonstrations, Knowledge Sessions and Display Awards. EPCH's world a dedicated pavilion, marking 40 years of a journey committed to the service of the Handicrafts sector highlighting EPCH initiative over the years. Fashion Shows will spotlight exquisite collections in artisanal apparel, fashion jewellery, and accessories. This immersive four-day event promises an enriching experience for industry professionals and enthusiasts alike." He added, "In all, there will be over 3000+ exhibitors drawn from pan India with strong representation from handicraft clusters, production hubs and artisan villages. Besides exhibitor booths in the halls, visitors will have access to the 900 Marts/permanent showrooms of leading exporters, located on various levels of the India Expo Centre."

Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH said, in order to give wide publicity, the Council has undertaken extensive promotion and publicity campaign all across the globe through representation in key international markets, digital advertisements in international magazines, their digital publications, online portals, web banners etc. Further, Indian Embassies extended invitation to buyers and importers in their respective countries. The fair has been widely covered in digital publications and social media. Visitors profile to the show includes overseas buyers from across the globe comprising wholesalers, distributors, chain stores, departmental stores, retailers, mail-order companies, brand owners, buying houses and designers and trend forecasters besides buying representatives and domestic volume buyers.". He further added Overseas buyers from over 100 countries including Argentina, Australia, Austria, Brazil, Canada, Chile, Colombia, Denmark, France, Germany, Greece, Israel, Italy, Japan, Korea, Mexico, The Netherlands, New Zealand, Panama, Peru, Philippines, Portugal, Russian Federation, Saudi Arabia, Sweden, Switzerland, United Arab Emirates, United Kingdom, United States and many more are expected to visit the fair.

Representatives from companies/ departmental stores who have already confirmed their visit to the show include Garcia Regueira SRL, Argentina; L&M Home, Aussbond Rugs, Australia; Interspar GmbH, Austria; Ribeiro e Pavani, Brazil; Birdie's Nest, Canada; Zefina, Denmark; La Maison, Esoterix Import, France; CocosyBerlin, Germany; Posh Living Co.,ltd., Japan; PS Fashion, Mexico; EL Corte Ingles, Signes Grimalt,S.A., Spain; Englund-Gruppen Flooring AB, Sweden; Carpets International Thailand PLC, Thailand; Bella Maison, Turkey; Lifestyle Home Collection BV, The Netherlands; Home Box, Landmark Group, Home Centre, UAE; Second Nature Online, Culinary Concepts, United kingdom; Apropos International Inc, Karma Highway, Duke Imports Inc, Stylecraft Home, Restoration Hardware, Two's Company, VCNY Home, USA and many more have already confirmed their visit to the show informed Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

Mr. Verma, further updated that besides, the show, since its past few editions has welcomed volume retail buying from renowned domestic players. Facilitating the fast changing retail landscape in India fuelled by renewed buying dynamics and quest for international designs and premium products, IHGF Delhi Fair continues to host Buying/Sourcing consultants as well as visitors from major Indian Retail/online brands and domestic volume buyers including Amazon.com, Arvind Group, Chumbak Design Pvt. Ltd, Fabindia Limited, Pure Home & Living Pvt. Ltd, Reliance Retail, Taj Hotels, The Oberoi Hotels & Resort Pvt. Ltd, The Purple Turtles, Westside

etc., who have confirmed to visit the 59th edition. He further added, Buying Consultants representing major stores like XXXLutz KG, Austria; KZ homestock, Brazil; Philippi GmbH, Cafom SA, France; Loberon GmbH, Germany; Nitori, Japan; Bizzotto Spa, Italy; Zijlstra B.V., Netherlands; El Corte Ingles, Spain; Danube Home, UAE; Culinary Concepts; Dunelm, United Kingdom; Kalalou Inc, The TJX Companies, USA and many more have confirmed their visit to the show.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal agency for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of artisans and crafts persons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. An estimated provisional exports of handicrafts during the year 2024-25 was Rs. 33,490.79 Crores (US $ 3959.86 Million) informed by Mr. R. K. Verma, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English with photos







Photo 1 & 2 – Mr. Dileep Baid, Chairman-EPCH & Dr Rakesh Kumar, Chairman-IEML addressing press & media during Press Meet – Curtain Raiser of 59th edition of IHGF Delhi Fair Spring 2025 held today at India Expo Centre, Greater Noida. Also seen Mr. Nirmal Bhandari, President, IHGF Delhi Fair Spring'25 Reception Committee, Mr. Neeraj Khanna, Vice Chairman-EPCH: Mr. Ravi K Passi, Member CoA – EPCH and Mr. R. K. Verma, Executive Director – EPCH.







Photo – 3 & 4 - Overview of 59th IHGF Delhi Fair Spring'25 - Display is in full swing at India Expo Mart, Greater Noida.